पंजाब केसरी 07/01/2026

इनोवेशन कैम्पस कोर्स के अंतर्गत आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस जैसे क्षेत्रों में कौशल विकास समय की आवश्यकता : डॉ. रोहित

अम्बाला, 6 जनवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में इनोवेशन कैम्पस कोर्स के दूसरे दिन मंगलवार को बैच-2 के विद्यार्थियों के लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को कोर्स की संरचना, उद्देश्यों तथा सीखने की प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर विशेषज्ञ सचिन मिश्रा एवं जसवीर कौर ने विद्यार्थियों को लर्निंग किट वितरित किए।

कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. रोहित दत्त ने इनोवेशन कैंपस कोर्स एवं उसके भागीदारों द्वारा की गई इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों को उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस जैसे क्षेत्रों में कौशल विकास वर्तमान समय की आवश्यकता है, जो विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता एवं करियर की संभावनाओं को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

यह कार्यक्रम गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में उद्योग-एकैडमिक सहयोग को सुदृढ़ करने तथा कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम की समन्वयक फैकल्टी ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन की डीन डॉ. प्रबलीन कौर एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष श्याम रहेजा ने विद्यार्थियों को सीखने के इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।